**छत्तीसगढ़ शासन**
**योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग**
**मंत्रालय,**
महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर-492002.

**क्रमांक एफ 08–01/2020/23,** **नवा रायपुर, अटल नगर, दिनांक 25–04–2020.**

प्रति,

**आयुक्त–सह–संचालक,**
आर्थिक एवं सांख्यिकी संचालनालय
इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर
(छत्तीसगढ़)

**विषयः–विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना अन्तर्गत (MLA-LADS) कार्यों की स्वीकृति के संबंध में मार्गदर्शन।**

सन्दर्भः–आपका पत्र क्रमांक 406/2020/DES/MLALADS/फा–, दिनांक 20–04–2020.

———0———

कृपया सन्दर्भित पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करेंगे।

2/ जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय, कोरिया एवं दुर्ग के पत्र अनुसार डॉ. विनय जायसवाल, माननीय विधायक, विधानसभा क्षेत्र मनेन्द्रगढ़ द्वारा नगर निगम चिरमिरी तथा श्री अरूण वोरा, माननीय विधायक, दुर्ग द्वारा नगर पालिक निगम क्षेत्र दुर्ग में नोवल कोरोना वायरस (कोविड–19) संक्रमण के समय जरूरतमंद परिवारों को खाद्य सामग्री/खाद्यान्न क्रय की अनुशंसा की गई है।

3/ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना की मार्गदर्शिका में तथा परिशिष्ट–1 एवं 2 अनुमेय कार्यों की सूची में खाद्य सामग्री/खाद्यान्न क्रय का कोई उल्लेख/प्रावधान नहीं है।

4/ विभागीय आदेश क्रमांक 08–21–2009/23, दिनांक 31–03–2020 द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना की मार्गदर्शिका के परिशिष्ट–1 (क्ष) में नोवल कोरोना वायरस (कोविड–19) संक्रमण के रोकथाम हेतु उपाय करने व सामग्री क्रय किये जाने के संबंध में प्रावधान किया गया है।

अतः विभागीय आदेश दिनांक 31–03–2020 अनुसार कार्रवाई किया जाना सुनिश्चित करें।

**(आर.एस. ब्रम्हभट्ट)**
अवर सचिव,
छत्तीसगढ़ शासन,
योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग,

**पृ.क्र. एफ 08–01/2020/23,** **नवा रायपुर, अटल नगर, दिनांक 25–04–2020.**

प्रतिलिपि :–

1. **समस्त,** कलेक्टर, छत्तीसगढ़,
2. **समस्त,** जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी, छत्तीसगढ़,

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

**अवर सचिव,**
छत्तीसगढ़ शासन,
योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग

25/4/2020

C:\Users\pc\Documents\Latters-US\MLA-LADS 2019.doc